हे शिव के लाला अरज सुनो हम शरण तुम्हारी आए है लिरिक्स

हे शिव के लाला अरज सुनो,
हम शरण तुम्हारी आए है,
ठुकराना ना हमको देवा,
इस जग के हम ठुकराए है,
हम शरण तुम्हारी आए है,
हम शरण तुम्हारी आए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

देखें – शिव गौरा के लाड़ले गणेश जी।

दुनिया रूठे तो रूठा करे,
हमसे नाराज ना होना तुम,
तुम से ही मंगल करता हो,
बड़ी आस लगाकर आये है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

भव सागर सामने है तो क्या,
हमको कोई भी फिकर नहीं,
मजधार डुबा या पार लगा,
ये ठान के द्वारे आये है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

उसका अमंगल न होता कभी,
सबसे पहले तुझे पूजे जो,
अपने वंदन में हे देवा,
तेरे गुणगान ही गाए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

किरपा तुझ पर ही विशेष रही,
तेरे नटखट पर शंकर नंदन,
सब देवों के मन भाये है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

तू चाहे तो बलहिनो में,
बल बुद्धि का संचार करे,
वो निर्बल भी बलवान बने,
जो चरणों में शीश झुकाए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

कलयुग में तुमसा फलदायक,
कोई और मिला ना है देवा,
खाली झोली लेकर आए,
तेरे द्वार से भर ले जाए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

रिद्धि सिद्धि और लक्ष्मी माँ,
आ जाए वहाँ तू रहे जहाँ,
इस बार मेरे घर में तू आ,
ये आस लिए हम आए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

दरबार तेरे और द्वार तेरे,
आनंद की बारिश होती है,
शरणागत पर देवा तूने,
खुशियों के मेघ बरसायें है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

हे शिव के लाला अरज सुनो,
हम शरण तुम्हारी आए है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ठुकराना ना हमको देवा,
इस जग के हम ठुकराए है,
हम शरण तुम्हारी आए है,
हम शरण तुम्हारी आए है,
हे शिव के लाला अरज सुनों,
हम शरण तुम्हारी आए है।bd।

Singer – Sohini Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com